जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद–फतेहपुर मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक–08.09.2026 को बैठक की कार्यवृत्ति

जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता मे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 08.09.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई जिसमे निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया–

1. श्री अनुराग गौतम, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
2. श्री शिवम यादव, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
3. श्री राजमुनि यादव, जिला समन्वयक, जिला परियोजना, प्रबन्धन इकाई, फतेहपुर।
4. श्री कृष्ण कुमार खरे, डी0पी0एम0, मेधज टेक्नो कान्सेप्ट, कलस्टर–प्रयागराज, फतेहपुर।
5. श्री प्रदीप कुमार सिंघल, ए0जी0एम0, मे0 पावरमेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
6. श्री मनोज कुमार तिवारी, प्रो0 मैनेजर, मे0 पावरमेक प्रोजेक्ट लिमिटेड (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
7. श्री साहिल कुमार मौर्या, मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा, जनपद यूनिट फतेहपुर।
8. श्री अंकित सिंह, मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा, जनपद यूनिट फतेहपुर।
9. श्री अचल कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर सबलेट सैडिगो, गायत्री रैमकी (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।
10. श्री लखेन्दर प्रोजेक्ट मैनेजर, गायत्री रैमकी (जे0वी0), जनपद यूनिट फतेहपुर।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जल जीवन मिशन के अर्न्तगत करायें जा रहे कार्यो का विवरण व गत बैठक के निर्देशो का अनुपालन प्रस्तुत किया गया जो निम्नवत है–

क्र0 सं0	कार्यदायी संस्था का नाम	दिनांक	कुल योजना	नलकूप		बाउण्ड्रीवॉल		सोलर		विद्युत		पम्प हाउस	
				लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1	मे0 पावरमेक–मे0 भूरथनम (जे0वी0)	10.08.2026	425	452	452	452	340	341	216	111	98	452	357
		07.09.2026	425	452	452	452	340	341	216	111	100	452	359
2	मे0 गायत्री रैमिकी (जे0वी0)	10.08.2026	170	190	190	190	182	161	132	29	27	190	184
		07.09.2026	170	190	190	190	182	161	135	29	27	190	184
3	मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)	10.08.2026	67	77	74	77	72	39	33	38	22	77	72
		07.09.2026	67	77	74	77	73	39	35	38	23	77	73
	कुल योग		662	719	716	719	595	541	386	178	150	719	616

क्र0 सं0	कार्यदायी संस्था का नाम	पाइप लाइन (कि0मी0)		ओ0एच0टी0		एफ0एच0टी0सी0		रोड़ रेस्टोरेशन (ग्राम)		रेगुलर वाटर सप्लाई (स्कीम)		हर घर जल (ग्राम)	
		लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति	लक्ष्य	प्राप्ति
		15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26
1	मे0 पावरमेक–मे0 भूरथनम (जे0वी0)	5345	5120	427	219	242945	225428	733	318	425	203	733	95
		5345	5126	427	219	242945	228540	733	325	425	209	733	98
2	मे0 गायत्री रैमिकी (जे0वी0)	1528	1520	170	119	90876	90159	325	176	170	107	325	99
		1528	1520	170	120	90876	90159	325	190	170	113	325	99
3	मे0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)	954	899	68	39	43771	41218	122	77	67	30	122	23
		954	901	68	43	43771	41218	122	77	67	32	122	23
	कुल योग	7827	7547	665	382	377592	359917	1180	592	662	354	1180	220

उक्त प्रस्तुत विवरण के सापेक्ष जिलाधिकारी महोदया द्वारा कार्यदायी संस्थाओं/एजेन्सियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये निम्नवत निर्देश दिये गये–

Scanned with OKEN Scanner

1. रेगुलर वाटर सप्लाई–

- मे0 पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) द्वारा 425 योजनाओं के सापेक्ष मात्र 209 पेयजल योजनाओं मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पावरमेक भूरथनम को 8 योजनाओं का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष मात्र 6 योजनाओं मे लक्ष्य की प्राप्ति की गई है। मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) द्वारा 170 योजनाओं के सापेक्ष मात्र 113 पेयजल योजनाओं मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है। मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) को 7 योजनाओं का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष मात्र 6 योजनाओं मे लक्ष्य की प्राप्ति की गई है। जी0ए0 इन्फ्रा बाबा (जे0वी0) द्वारा 67 योजनाओं के सापेक्ष मात्र 32 योजनाओं मे नियमित जलापूर्ति की जा रही है। जी0ए0 इन्फ्रा बाबा (जे0वी0) को 3 योजनाओं का लक्ष्य दिया गया था मात्र 2 योजनाओं मे लक्ष्य की प्राप्ति की गई है। किसी कार्यदायी संस्था द्वारा लक्ष्य की पूर्ति नही की गई है। सभी कार्यदायी संस्थाओं निर्देशित किया जाता है कि सभी कार्यदायी संस्थायें दिए गए लक्ष्यों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्था)

2. रोड़ रेस्टोरेशन

- मे0 पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) द्वारा 733 ग्रामो के सापेक्ष 325 ग्राम, मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) द्वारा 325 ग्रामो के सापेक्ष 190 ग्राम, जी0ए0 इन्फ्रा बाबा(जे0वी0) द्वारा 122 ग्रामो के सापेक्ष 77 ग्रामो मे रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया गया हैं। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य पूर्ण है उन योजनाओं में रोड़ रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्था)

3. O&M (संचालन व रख–रखाव)–

- मे0 पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) को 5 का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष मात्र 1 योजना को ही अनुरक्षण रख–रखाव मे ले जाया गया है।मे0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) को 3 का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष प्रगति शून्य पाई गई। जी0ए0 इन्फ्रा बाबा (जे0वी0) को 2 का लक्ष्य दिया गया था जिसके सापेक्ष 1 योजना को ही अनुरक्षण रख–रखाव ले जाया गया है।किसी भी कार्यदायी संस्था का लक्ष्य पूर्ण नही किया गया अगले 1 माह हेतु मे0 पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) को 8 योजना, मे0 गायत्री रैमकी(जे0वी0)को 6 योजना, जी0ए0 इन्फ्रा बाबा(जे0वी0)03 योजनाओं को अनुरक्षण रख–रखाव हेतु लक्ष्य निर्धारित किया जाता है।

4. NC निस्तारण–

- मे0 पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) के द्वारा 885 Critical NC के सापेक्ष 674 Critical NC का निस्तारण किया गया है। मे0 जी0ए0 इन्फ्रा बाबा (जे0वी0) द्वारा 173 Critical NC के सापेक्ष 126 Critical NC का निस्तारण किया गया है। मे0 गायत्री रैमकी लि0 (जे0वी0) द्वारा 354 Critical NC के सापेक्ष 219 Critical NC का निस्तारण किया गया है। मे0 पावरमेक भूरथनम (जे0वी0) के द्वारा 5780 मेजर एन0सी0 के सापेक्ष 3776 मेजर एन0सी0 का निस्तारण किया गया है। मे0 जी0ए0 इन्फ्रा बाबा (जे0वी0) द्वारा 1059 मेजर एन0सी0 के सापेक्ष 620 मेजर एन0सी0 का निस्तारण किया गया है। मे0 गायत्री रैमकी लि0(जे0वी0) द्वारा 7052 मेजर एन0सी0 के सापेक्ष 3092 मेजर एन0सी0 का निस्तारण किया गया है। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि अवशेष मेजर और Critical NC का निस्तारण शीघ्र अतिशीघ्र किया जायें।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कार्यदायी संस्था)

(बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।)

(निधि गुप्ता वत्स)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
फतेहपुर।

Scanned with OKEN Scanner

पृ०सं०: 2446/ M-22/05 दिनांक: 02-11-2026

प्रतिलिपि:– **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, फतेहपुर।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, फतेहपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फतेहपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
7. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU),फतेहपुर।
8. डी0पी0एम0, मे0 मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 प्रयागराज, क्लस्टर फतेहपुर।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0गायत्री–रैमकी (जे0वी0) जनपद–फतेहपुर।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर,मे0 पावरमेक/भूरथनम (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 बाबा जी0ए0इन्फ्रा (जे0वी0) जनपद यूनिट फतेहपुर।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति
फतेहपुर।

Scanned with OKEN Scanner